(368)

भारतीय डाक विभाग

DEPARTMENT OF POSTS, INDIA

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई – 400 001

Office of the Chief Postmaster General, Maharashtra Circle, Mumbai – 400 001

सेवा में,

1. पोस्टमास्टर जनरल, नागपुर क्षेत्र, नागपुर - 400001
2. वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर, अकोला मंडल, अकोला - 444001
3. सहायक निदेशक डाक सेवाएं (ए एंड वी), विदेश डाक कार्यालय, विदेश डाक भवन, मुंबई – 400 001

सं. सतर्कता /पीएम-एमजी एवं एमटीएस भर्ती -2015 /उच्चतम न्यायालय निर्णय/2021 **दिनांक : 18.04.2023**

विषय : वर्ष 2015 में पोस्टमैन/मेलगार्ड एवं एमटीएस संवर्ग के लिए सीधी भर्ती परीक्षा- निर्दोष अभ्यर्थियों की 13 वीं सूची।

संदर्भ : सहायक पोस्टमास्टर जनरल (सतर्कता), सर्किल कार्यालय का दिनांक – 29.01.2021 का पत्र संख्याः सतर्कता/पीएम-एमजी एवं एमटीएस भर्ती-2015/ उच्चतम न्यायालय निर्णय /2021

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और इस निर्णय के कार्यान्वयन के लिए निदेशालय के अनुमोदन को ध्यान में रखते हुए, उम्मीदवारों के दोषी और निर्दोषी के रूप में पृथक्करण करने की युक्ति निकालने के लिए एक समिति का गठन किया गया था।

तदनुसार, उपरोक्त संदर्भांकित पत्र के माध्यम से दिनांक 29.01.2021 को संदिग्ध दोषी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की गई थी। उक्त सूची में कुल 73 उम्मीदवारों को संदिग्ध दोषी घोषित किया गया था, जिनके हस्ताक्षर में भिन्नता पाई गई। इन उम्मीदवारों को 19.02.2021 को इस कार्यालय में बुलाया गया था ताकि उनके नमूना हस्ताक्षर लेकर आगे सीएफएसएल को भेजे जा सकें। हस्ताक्षरों का नमूना जमा करने वाले उम्मीदवारों के मामले आगे सत्यापन के लिए सीएफएसएल को दिए गए थे।

तदनुसार, निम्नलिखित उम्मीदवारों के संबंध में सीएफएसएल की सत्यापन रिपोर्ट पत्र संख्या : सीएफएसएल (पी)/566/डीओसी/110 /22/डीएक्सपी-सी-108/21/2017, दिनांक 30.03.2023 एवं सीएफएसएल

(पी)/376/डीओसी/79 /22/डीएक्सपी-सी-110/21/1016, दिनांक 30.03.2023 द्वारा प्राप्त हुई है। सीएफएसएल ने राय दी है कि मूल दस्तावेजों और नमूना लेखन पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर एक ही व्यक्ति द्वारा लिखे गए हैं।

क्र सं.	अनुक्रमांक	उम्मीदवार का नाम	संवर्ग	मंडल / यूनिट
1	21300900	सविता झानुलाल बाघडेरिया	एमटीएस	अकोला मंडल
2	21326057	केशव प्रदीप पवार	एमटीएस	विदेश डाकघर

अतः, उपरोक्त उम्मीदवारों को 'निर्दोषी' उम्मीदवारों के रूप में माना जाता है और नियुक्ति के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा करने की शर्त पर आगे की नियुक्ति औपचारिकताओं को पूरा करने पर विचार किया जाता है। उम्मीदवारों को उसी मंडल/कार्यालय में आवंटित किया जाता है जहां उन्हें पहले आवंटित किया गया था। सम्बन्धित क्षेत्र/मंडल दिनांक 21.04.2023 तक उम्मीदवार को पत्र जारी करने एवं दिनांक 05.05.2023 तक नियुक्ति की औपचारिकताएं पूर्ण करने एवं कार्यभार ग्रहण संबंधी उचित कार्यवाही करेंगे। सर्किल कार्यालय द्वारा इस संबंध में जारी पत्र संख्या : भर्ती /2/ एसएलपी 22969-22976/2019, दिनांक 29.01.2021 से जारी निर्देशों का संबंधित नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा कड़ाई से पालन किया जाए। संबंधित मंडल से अनुरोध है कि इस कार्यालय से उम्मीदवार का डोसियर ले लें।

इस ज्ञापन की प्रति विभागीय वेबसाइट https://www.indiapost.gov.in पर अपलोड की जा रही है। उम्मीदवार अपनी नियुक्ति औपचारिकताओं को पूरा करने और कार्यभार ग्रहण करने के लिए संबंधित मंडल / कार्यालय से संपर्क करें।

अजेय

(अजेय सिंह)

सहायक पोस्टमास्टर जनरल (सतर्कता)

प्रतिलिपि : -

1) श्रीमती सविता झानुलाल बाघडेरिया, मु. धमडीटोला, पो. पलसगांव/चुटिया, तह. देवरी , गोंदिया - 441901
2) श्री केशव प्रदीप पवार , गोडबोले प्लॉट, वीर हनुमान मंदिर के पास, डबकी रोड, पुराना शहर, अकोला- 444 002
3) सहा. पो.मा.ज. (भर्ती), मुख्य पोस्टमास्टर का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई- 400001 सूचनार्थ।
4) सहा. निदे. डाक सेवाएं (विधिक), मुख्य पोस्टमास्टर का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई- 400001 सूचनार्थ।